Nokia 1200/1208/1209 उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

9207612
संस्करण2.0

सामग्री

सुरक्षा 3

प्रारंभ करें 5
बैटरी और सिम कार्ड डालें 5
बैटरी चार्ज करें 6
चालू या बंद करें 7

आपका फ़ोन 8
कुंजियाँ और पुर्जे 8
प्रमुख विशेषताएँ 9
कॉल करें और किसी कॉल का उत्तर दें 10
पाठ लिखें 11
संदेश 23
संपर्क 24
मल्टी-फ़ोन बुक 25
टॉर्च चालू या बंद करें 26

सामान्य जानकारी 27

सहायक उपकरण 28

बैटरी 29
बैटरी और चार्जर जानकारी 29
नोकिया बैटरी प्रमाणीकरण मार्गनिर्देश 31

अपने डिवाइस की देखभाल करना 32
रिसाइकिल 33

अतिरिक्त सुरक्षा की जानकारी 33
छोटे बच्चे 33
परिचालन वातावरण 33
मेडिकल डिवाइसेस 34
वाहन 34
संभावित रूप से विस्फोटक परिवेश 35
आपातकालीन कॉल्स 35
प्रमाणीकरण की जानकारी (SAR) 36
निर्माता की लिमिटेड वॉरंटी 37

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

सुरक्षा

ये सरल दिशा-निर्देश पढ़ें। इनका पालन न किया जाना ख़तरनाक या ग़ैरक़ानूनी हो सकता है। और जानकारी के लिए सम्पूर्ण उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका पढ़ें।

सुरक्षित ढंग से चालू करें

जहाँ वायरलेस फ़ोन का उपयोग प्रतिबंधित हो, या उससे व्यवधान या ख़तरा उत्पन्न होने की संभावना हो वहाँ उपकरण चालू न करें।

सड़क सुरक्षा पहले है

सभी स्थानीय क़ानूनों का पालन करें। वाहन चलाते समय वाहन के संचालन के लिए अपने हाथ हमेशा खाली रखें। वाहन चलाते समय आपकी पहली चिंता सड़क सुरक्षा होनी चाहिए।

व्यवधान

सभी वायरलेस उपकरण व्यवधान के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं, जिससे निष्पादन प्रभावित हो सकता है।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रतिबंधित क्षेत्रों में बंद कर दें

सभी प्रतिबंधों का पालन करें। विमान में, चिकित्सा उपकरण के निकट, ईंधन, रसायन, या विस्फोट क्षेत्रों में उपकरण बंद कर दें।

योग्य सर्विस

इस उत्पाद को केवल योग्य कर्मचारी ही स्थापित या दुरुस्त कर सकते हैं।

सहायक उपकरण और बैटरियाँ

केवल अनुमोदित सहायक उपकरणों और बैटरियों का प्रयोग करें। असंगत उत्पाद कनेक्ट न करें।

जल-प्रतिरोधी

आपकी उपकरण जल-प्रतिरोधी नहीं है। उसे शुष्क रखें।

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रारंभ करें

बैटरी और सिम कार्ड डालें

इस उपकरण का प्रयोग BL-5CA बैटरी के साथ किया जाना चाहिए।

सुरक्षित हटाव। बैटरी निकालने से पहले हमेशा डिवाइस बंद कर दें और चार्जर का संपर्क समाप्त कर दें।



1 पिछले कवर को नीचे की ओर सरकाएं (1), और उसे हटाएं।
2 बैटरी ऊपर उठाएँ, और उसे हटाएँ (2)।
3 उपकरण की फ़िंगर ग्रिप का उपयोग कर सिम कार्ड होल्डर को सावधानीपूर्वक ऊपर उठाएँ (3)। सिम कार्ड डालें (4)। सुनिश्चित करें कि संपर्क सतह वाले क्षेत्र का रुख़ नीचे की ओर है और सिम कार्ड का कटा हुआ किनारा ऊपर दाहिनी ओर है। सिम कार्ड

होल्डर को बंद करें और उसे अपनी जगह पर लॉक करने के लिए उसे दबाएँ (5)।

4 बैटरी और पिछला कवर वापस लगा दें (6, 7)।

बैटरी चार्ज करें

आपकी बैटरी फैक्ट्री में अंशत: चार्ज की गई है। अगर उपकरण निम्न चार्ज इंगित करता है, तो निम्नलिखित करें:

1 चार्जर का संपर्क किसी वॉल आउटलेट से जोड़ें।
2 चार्जर का संपर्क उपकरण से जोड़ें।
3 जब उपकरण पूर्ण चार्ज इंगित करता है, तो उपकरण से, फिर वॉल आउटलेट से चार्जर का संपर्क हटा दें।

युक्ति: ऊर्जा रक्षित करने के लिए, बैटरी के पूर्ण रूप से चार्ज होने पर चार्जर का प्लग निकाल दें।

आपको बैटरी किसी निश्चित अवधि तक चार्ज करने की आवश्यकता नहीं है, और आप उपकरण के चार्ज होते समय भी इसका प्रयोग कर सकते हैं। अगर बैटरी पूर्ण रूप से डिस्चार्ज है, तो प्रदर्शन पर चार्जिंग

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

सूचक के प्रकट होने से पहले या कोई कॉल कर पाने से पहले यह कई मिनट का समय ले सकती है।

चालू या बंद करें



समाप्ति कुंजी दबाए रखें।

फ़ोन का प्रयोग केवल इसकी सामान्य ऑपरेटिंग स्थिति में करें।

आपके उपकरण में आंतरिक और बाहरी एंटेना हो सकते हैं। ऐन्टेना क्षेत्र को अनावश्यक रूप से उस समय छूने से बचें जब ऐन्टेना प्रसारण या प्राप्ति कर रहा हो। ऐन्टेना के साथ संपर्क संचार की गुणवत्ता को प्रभावित करता है जिससे क्रिया के दौरान और अधिक ऊर्जा की खपत होती है और बैटरी का जीवन कम हो सकता है।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

आपका फ़ोन

कुंजियाँ और पुर्जे

1	नेटवर्क का नाम या ऑपरेटर का लोगो
2	नेटवर्क सिग्नल शक्ति
3	बैटरी का चार्ज स्तर
4	इयरपीस
5	लाउडस्पीकर
6	टॉर्च
7	चयन कुंजी कार्यप्रणालियाँ
8	चयन कुंजियाँ
9	Navi™ कुंजी; इसके बाद से इसे स्क्रॉल कुंजी कहा गया है
10	कॉल कुंजी



© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

11	समाप्ति/पॉवर कुंजी
12	कुंजी पटल
13	चार्जर कनेक्टर
14	हेडसेट कनेक्टर

आउटपुट सिग्नल पैदा करने वाले उत्पादों को न जोड़ें क्योंकि इससे उपकरण को हानि पहुँच सकती है। Nokia AV Connector से कोई भी वोल्टेज का स्रोत न जोड़े।

इस उपकरण के साथ उपयोग के लिए Nokia द्वारा अनुमोदित से भिन्न बाह्य उपकरण या हेडसेट Nokia AV कनेक्टर से कनेक्ट करते समय ध्वनि प्रबलता स्तरों पर विशेष ध्यान दें।

प्रमुख विशेषताएँ

मीनू और निम्नलिखित से चुनें:

संदेश — संदेश बनाने, भेजने, खोलने और व्यवस्थित करने के लिए

संपर्क — सिम कार्ड और फ़ोन स्मृति में नाम और फ़ोन नंबर रक्षित करें

कॉल पंजी — छूटी, प्राप्त और डायल की गईं कॉल्स के फ़ोन नंबर एक्सेस करने के लिए

सेटिंग — आपके फ़ोन की विविध विशेषताएँ सेटअप करने के लिए

अलार्म घड़ी — अलार्म के लिए समय सेट करने के लिए

रिमाइंडर — रिमाइंडर व्यवस्थित करने के लिए

खेल — खेल प्रभाव सेटअप करने के लिए, या आपके फ़ोन में स्थापित खेल खेलने के लिए

अतिरिक्त — विविध अनुप्रयोग, जैसे कि कैलक्युलेटर या फ़्लैशलाइट एक्सेस करने के लिए

सिम सेवाएँ — यदि आपके सिम कार्ड द्वारा समर्थित हों तो अतिरिक्त सेवाओं का उपयोग करने के लिए

कॉल करें और किसी कॉल का उत्तर दें

एक कॉल करें

फ़ोन नंबर प्रविष्ट करें, साथ ही यदि आवश्यक हो तो देश कोड और क्षेत्र कोड भी प्रविष्ट करें,और कॉल कुंजी दबाएँ।

किसी कॉल का उत्तर दें

कॉल कुँजी दबाएँ।

कॉल समाप्त करें या अस्वीकार करें

समाप्ति कुंजी दबाएँ।

लाउडस्पीकर या इयरपीस का उपयोग करें

कॉल के दौरान, लाउडस्पीकर या हैंड्सफ्री चुनें।

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

वॉल्यूम समायोजित करें

कॉल के दौरान, इयरपीस या हेडसेट का वॉल्यूम समायोजित करने के लिए बाएँ या दाहिने स्क्रॉल करें।

चेतावनीः

लगातार अधिक ध्वनि में सुनने से आपकी श्रवण क्षमता को हानि पहुँच सकती है। मध्यम स्तर पर संगीत सुनें, तथा जब लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा रहा हो तब डिवाइस को अपने कान के पास न रखें।

पाठ लिखें

पाठ प्रविष्ट करने के लिए आप पारंपरिक या पूर्वाभास पाठ इनपुट का प्रयोग कर सकते हैं। पूर्वाभास पाठ इनपुट सभी भाषाओं का समर्थन नहीं करता।

पारंपरिक पाठ इनपुट का प्रयोग करें

इच्छित वर्ण के प्रदर्शित होने तक किसी कुंजी को लगातार दबाएँ।

पूर्वाभास पाठ इनपुट सक्रिय करें

विकल्प > शब्दकोश और इच्छित भाषा चुनें।

पूर्वाभास पाठ इनपुट निष्क्रिय करें

विकल्प > शब्दकोश > शब्दकोश बंद चुनें।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

पूर्वाभास पाठ इनपुट का प्रयोग करते समय, किसी एक वर्ण के लिए प्रत्येक कुंजी एक बार दबाएँ। इच्छित शब्द के प्रदर्शित होने पर 0 दबाएँ, और अगला शब्द लिखना शुरू करें। यदि शब्द के बाद ? प्रदर्शित होता है तो इसका अर्थ है कि वह शब्द शब्दकोश में उपलब्ध नहीं है।

शब्द बदलें
इच्छित शब्द के प्रदर्शित होने तक * कुंजी लगातार दबाएँ।

शब्द जोड़ें
वर्तनी चुनें, पारंपरिक पाठ इनपुट का उपयोग करते हुए वह शब्द प्रविष्ट करें, और ठीक चुनें।

स्पेस जोड़ें
0 दबाएँ।

पाठ इनपुट विधि बदलें
लगातार # दबाएँ, और प्रदर्शन के शीर्ष पर संकेतक की जाँच करें।

नंबर जोड़ें
इच्छित नंबर कुंजी को दबाकर रखें।

विशेष वर्ण जोड़ें
पारंपरिक पाठ इनपुट का प्रयोग करते समय * दबाएँ; पूर्वाभास पाठ इनपुट का प्रयोग करते समय * दबाकर रखें।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

संदेश हटाने की क्रिया अकृत करें
विकल्प > हटाना वापस करें चयन करें।

हिंदी पाठ्य इनपुट

पाठ्य संदेश, ई-मेल, संपर्क, और लेख लिखने के लिए हिंदी पाठ्य इनपुट का प्रयोग करें।

हिंदी में संदेश सेवा एक नेटवर्क आधारित सुविधा है। कुछ नेटवर्क हिंदी प्रसारण का समर्थन नहीं करते हैं। हिंदी पाठ्य वाले संदेश केवल हिंदी भाषा समर्थन वाले उपकरणों पर ही प्रेषित करें। अन्यथा, संदेश पठनीय नहीं होगा। उपलब्धता और नेटवर्क समर्थन के लिए, अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

लेखन भाषा सेट करें

लेखन भाषा को हिन्दी पर सेट करें
मीनू > सेटिंग > फोन सेटिंग > भाषा चुनें, हिन्दी भाषा तक स्क्रॉल करते हुए जाएँ, और ठीक दबाएँ।

उपलब्ध इनपुट विधियों के बीच स्विच करें
दबाएँ।

अंग्रेज़ी शब्दकोश सक्रिय करें

विकल्प > शब्दकोश चुनें, अंग्रेज़ी भाषा तक स्क्रॉल करते हुए जाएँ, और ठीक चुनें।

पूर्वाभास अंग्रेज़ी पाठ इनपुट विधियों के बीच स्विच करें

दबाएँ।

हिन्दी वर्ण निम्नलिखित प्रकार के होते हैं:

- स्वतंत्र स्वर, उदाहरण के लिए, अ, आ, इ, ई, उ, या ऊ
- व्यंजन और स्वर का संयोजन, उदाहरण के लिए, ग, या तु
- अनेक व्यंजनों का संयोजन, उदाहरण के लिए, ज्ञ, या श्र

हिंदी कुंजी निर्दिष्ट करना

तालिका के अनुसार 0-9 कुंजियों को एक या कई बार दबाकर हिंदी वर्ण प्रविष्ट करें।

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित



कुंजी	प्रयुक्त अक्षर (कुंजियों को इस क्रम में दबाएं)										
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	ँ	ं	ः	्	1						
2	अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	2			
2□	ा	ि	ी	ु	ू	ृ	2				
3	ए	ऐ	ऍ	ओ	औ	ऑ	3				
3□	े	ै	ॅ	ो	ौ	ॉ	3				
4	क	ख	ग	घ	ङ	4	क़	ख़	ग़		
5	च	छ	ज	झ	ञ	5	ज़				
6	ट	ठ	ड	ढ	ण	6	ड़	ढ़			
7	त	थ	द	ध	न	7	ऩ				
8	प	फ	ब	भ	म	8	फ़				
9	य	र	ल	व	श	ष	स	ह	9	ऱ	य़
0	␣	0	↵								

1 कुंजी पर, हलंत केवल किसी व्यंजन के बाद ही उपलब्ध होता है, लेकिन चंद्रबिंदु, अनुस्वार और विसर्ग संशोधक किसी व्यंजन, किसी स्वर, या किसी मात्रा के बाद उपलब्ध होते हैं।

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

किसी व्यंजन के बाद, मात्रा 2 और 3 कुंजियों पर उपलब्ध होते हैं, जैसा तालिका पंक्तियों में ¤ के साथ चिह्नित दिखाया गया है।

हिन्दी वर्ण प्रविष्ट करें

- पूर्ववर्ती वर्ण के आधार पर स्वतंत्र या आश्रित स्वर डालने के लिए **2** या **3** दबाएँ।

  यदि पूर्ववर्ती वर्ण व्यंजन न हो, तो ये कुंजियाँ आश्रित स्वर उत्पन्न करती हैं।

  उदाहरणः यदि आप 'ज' प्रविष्ट करते हैं (**5** - **5** - **5** दबाएँ), और फिर **2** दबाएँ, और पाठ 'जा' में बदल जाता है।

  यदि आप 'ज' प्रविष्ट करते हैं (**5** - **5** - **5** दबाएँ), और फिर **3** दबाएँ, और पाठ 'जे' में बदल जाता है।

  अन्य सभी स्थितियों में, ये कुंजियाँ स्वतंत्र स्वर उत्पन्न करती हैं।

  उदाहरणः यदि आप स्पेस प्रविष्ट करते हैं (**0**) दबाएँ, और फिर **2** दबाएँ, और पाठ (स्पेस) 'अ' में बदल जाता है।

  यदि आप 'जे' प्रविष्ट करते हैं (**5** - **5** - **5** - **3** दबाएँ), और फिर **2** दबाएँ, और पाठ 'जेअ' में बदल जाता है।
- व्यंजन के बाद कोई स्वतंत्र स्वर प्रविष्ट करने के लिए, स्वर प्रविष्ट करने से पहले * दबाएँ (2 और 3 कुंजियों का उपयोग करके)।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

- हिन्दी व्यंजनों को वर्णमाला के क्रम में 4 से 9 तक कुंजियों के बीच व्यवस्थित किया गया है।
- 4 से 9 तक कुंजियाँ दबाकर, आप नुक्ता व्यंजन भी डाल कर सकते हैं। नुक्ता व्यंजनों को लैटिन अंकों के बाद रखा गया है।

स्वर 'अ' प्रविष्ट करें

2 - **1** - **1** दबाएँ। स्वर 'अः'प्रविष्ट करने के लिए, **2** - **1** - **1** - **1** दबाएँ।

कोई नंबर प्रविष्ट करें

कोई कुंजी दबाए रखें (0 से 9)।

कोई विशेष वर्ण प्रविष्ट करें

***** दबाए रखें, किसी वर्ण तक स्क्रॉल करते हुए जाएँ, और प्रयोग करें चुनें।

हिन्दी वर्ण जैसे कि चंद्रबिंदु ँ, अनुस्वार ं, विसर्ग ः, और हलंत ् प्रविष्ट करें

इच्छित वर्ण के प्रदर्शित होने तक लगातार **1** दबाएँ।

पाठ मिटाएँ

कर्सर को पाठ के अंत में रखें, और पाठ के मिट जाने तक लगातार हटाएँ दबाएँ। पूरा पाठ मिटाने के लिए, विकल्प > पाठ्य हटाएँ चुनें।

सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा प्रविष्ट करें

प्रविष्ट करने के लिए	इन्हें जोड़ें	दबाएँ

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

सारे	स + ा + र + े	9 - 2 - 9 - 3
जहां	ज + ह + ा + ं	5 - 9 - 2 - 1
से	स + े	9 - 3
अच्छा	अ + च + ् + छ + ा	2 - 5 - * - 5 - 2
हिन्दोस्तां	ह + ि + न + ् + द + ो + स + ् + त + ा + ं	9 - 2 - 7 - * - 7 - 3 - 9 - * - 7 - 2 - 1
हमारा	ह + म + ा + र + ा	9 - 8 - 2 - 9 - 2

दिवाली की शुभकामनाएं प्रविष्ट करें

प्रविष्ट करने के लिए	इन्हें जोड़ें	दबाएँ
दिवाली	द + ि +व + ा + ल + ी	7 - 2 - 9 - 2 - 9 - 2
की	क + ी	4 - 2

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

शुभकामनाएं	श + ु + भ + क + ा + म + न + ा + ए + ं	9 - 2 - 8 - 4 - 2 - 8 - 7 - 2 - 3 -1

ईद मुबारक प्रविष्ट करें

प्रविष्ट करने के लिए	इन्हें जोड़ें	दबाएँ
ईद	ई + द	2 - 7
मुबारक	म + ु + ब + ा + र + क	8 - 2 - 8 - 2 - 9 - 4

व्यंजन संयोजक प्रविष्ट करें

पहला व्यंजन प्रविष्ट करें, ***** दबाएँ, और वह व्यंजन प्रविष्ट करें जिसे जोड़ना है।

व्यंजन संयोजक	इन्हें जोड़ें
द्द	द * द
द्ध	द * ध
द्र	द * र

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

प्र	प * र
फ्र	फ * र
व्र	व * र
स्र	स * र
ह्य	ह * य
ज्ञ	ज * ञ
ब्र	ब * र
द्म	द * म
द्य	द * य
श्र	श * र

उदाहरण: हिन्दी पूर्णविराम प्रविष्ट करने के लिए, । (देवनागरी दंड), या ॥ (दोहरे दंड) का उपयोग करें, * दबाए रखें, इच्छित वर्ण तक स्क्रॉल करते हुए जाएँ, और प्रयोग करें चुनें।

बिना कोई वर्ण प्रविष्ट किए वापस जाने के लिए, पीछे चुनें।

रेफ जोड़ें

रेफ जोड़ने के लिए, र को व्यंजन समूह के पहले व्यंजन के रूप में जोड़ें फिर ् जोड़ें, और फिर व्यंजन जोड़ें।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रविष्ट करने के लिए	इन्हें जोड़ें	दबाएँ
बर्फ	ब + र + ् + फ	8 - 9 - * - 8
दुर्गा	द + ु + र + ् + ग + ा	7 - 2 - 9 - * - 4 - 2
कर्म	क + र + ् + म	4 - 9 - * - 8
शर्म	श + र + ् + म	9 - 9 - * - 8
पर्व	प + र + ् + व	8 - 9 - * - 9
स्वर्ग	स + ् + व + र + ् + ग	9 - * - 9 - 9 - * - 4

हलंत जोड़ें

वर्ण जोड़ें, और * दबाएँ।

प्रविष्ट करने के लिए	इन्हें जोड़ें	दबाएँ
रक्त	र + क + ् + त	9 - 4 - * - 7
ज़ख्म	ज ़+ ख + ् + म	5 - 4 - * - 8

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

प्राप्त	प + ् + र + ा + प + ् + त	8 - * - 9 - 2 - 8 - * - 7
पन्ना	प + न + ् + न + ा	8 - 7 - * - 7 - 2

रकार जोड़ें

व्यंजन फिर उसके बाद ्, और फिर र प्रविष्ट करें।

प्रविष्ट करने के लिए	इन्हें जोड़ें	दबाएँ
ड्रम	ड + ् + र + म	6 - * - 9 - 8
ट्रक	ट + ् + र + क	6 - * - 9 - 4
ट्रे	ट + ् + र + े	6 - * - 9 - 3
राष्ट्र	र + ा + ष + ् + ट + ् + र	9 - 2 - 9 - * - 6 - * - 9

संदेश

संदेश सेवाओं का उपयोग तभी किया जा सकता है जब वे आपके सेवा प्रदाता द्वारा समर्थित हों.

आपका उपकरण एकल संदेश की सीमा से बाहर पाठ संदेश भेजने का समर्थन करता है। सीमा से बड़े संदेश दो या अधिक संदेशों के रूप में भेजे जाते हैं। आपका सेवा प्रदाता इसके अनुसार शुल्क ले सकता है। एक्सेंट वाले वर्ण, अन्य चिह्न, या कुछ भाषा विकल्प अधिक स्थान लेते हैं, और किसी एक संदेश में भेजे जा सकने वाले वर्णों की संख्या को सीमित कर देते हैं।

कोई संदेश लिखें और भेजें

1 **मीनू** > **संदेश** > **संदेश बनाएँ** चुनें।
2 संदेश लिखें। संदेश लंबाई सूचक दिखाता है कि आप संदेश में कितने वर्ण प्रविष्ट कर सकते हैं।
3 **विकल्प** > **भेजें** चुनें, प्राप्तकर्ता का फ़ोन नंबर प्रविष्ट करें या उसे संपर्क सूची से चुनें, और **ठीक** चुनें।

संदेश मिटाएँ

मीनू > **संदेश** > **संदेश मिटाएँ** > **सभी पठित** या इच्छित फ़ोल्डर चुनें।

संपर्क

आप फ़ोन और सिम कार्ड स्मृति में नाम और फ़ोन नंबर रक्षित कर सकते हैं। संपर्क सूची में 200 तक संपर्क हो सकते हैं, जिन्हें फ़ोन स्मृति में संगृहीत किया जाता है।

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

किसी संपर्क की खोज करें

स्टैंडबाय मोड में नीचे स्क्रॉल करें, नाम के पहले अक्षर या वर्ण प्रविष्ट करें, और इच्छित संपर्क तक स्क्रॉल करते हुए जाएँ।

संपर्कों को संपर्क सूची में रक्षित करें

मीनू > संपर्क > संपर्क जोड़ें चुनें।

फ़ोन और सिम कार्ड स्मृति के बीच संपर्क प्रतिलिपि करें

मीनू > संपर्क > प्रतिलिपि करें चुनें।

मल्टी-फ़ोन बुक

आपका फ़ोन एकाधिक उपयोगकर्ताओं के लिए पाँच अलग-अलग फ़ोन बुकों का समर्थन करता है। मल्टी-फ़ोन बुक के सक्रिय होने पर, केवल सक्रिय फ़ोन बुक के संपर्क दृष्टिगोचर होते हैं।

एक संपर्क एक या कई फ़ोन बुकों से संबंधित हो सकता है। साझा संपर्क के संपर्क सभी फ़ोन बुक से एक्सेस किए जा सकते हैं।

मीनू > संपर्क > सेटिंग > बहु-फोन-पुस्तिका और उपयुक्त विकल्प चुनें।

मल्टी-फ़ोन बुक सक्रिय करें

फोन-पुस्तिका शैली > बहु-फोन-पुस्तिका चुनें।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

फ़ोन बुक सक्रिय करें
मौजूदा फोन-पुस्तिका और इच्छित फ़ोन बुक या साझा संपर्क चुनें।

किसी संपर्क को एकाधिक फ़ोन बुकों पर निर्दिष्ट करें
संपर्क व्यवस्थित करना और इच्छित संपर्क चुनें।

फ़ोन बुक का नाम बदलें
फोन-पुस्तिका पुनर्नामित करना और इच्छित फ़ोन बुक का नाम बदलें।

टॉर्च चालू या बंद करें

मीनू > अतिरिक्त > टॉर्च चुनें।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

सामान्य जानकारी

आपके डिवाइस के बारे में

इस मार्गदर्शिका में वर्णित वायरलेस डिवाइस इस EGSM 900 और 1800 MHz नेटवर्क पर प्रयोग के लिए स्वीकृत है।. नेटवर्कों के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

आपके डिवाइस में तृतीय-पक्ष की इंटरनेट साइटों के लिए पहले से स्थापित पृष्ठचिन्ह और लिंक हो सकते हैं जो आपको तृतीय-पक्ष की साइटों को एक्सेस करने दे सकते हैं। ये Nokia से संबद्ध नहीं हैं, और Nokia उनका समर्थन नहीं करता या उनकी ज़िम्मेदारी नहीं लेता। यदि आप ऐसी साइटों को एक्सेस करते हैं, तो सुरक्षा या विषय वस्तु हेतु सावधानी बरतें।

चेतावनीः
अलार्म घड़ी के अलावा इस डिवाइस की किसी भी विशेषता का उपयोग करने के लिए डिवाइस को चालू किया जाना चाहिए। जब वायरलेस डिवाइस के उपयोग से व्यवधान या ख़तरा उत्पन्न होने की संभावना हो तो डिवाइस चालू न करें।

इस डिवाइस का उपयोग करते समय सभी क़ानूनों का पालन करें और स्थानीय प्रथाओं, गोपनीयता व प्रतिलिप्याधिकारों सहित दूसरों के वैध अधिकारों का सम्मान करें।
प्रतिलिप्याधिकार सुरक्षा कुछ आकृतियों, संगीत, और अन्य सामग्री की प्रतिलिपि, संशोधन, या स्थानांतरण को अवरुद्ध कर सकती है।

अपने डिवाइस में संचित सारी महत्वपूर्ण जानकारी की बैकअप प्रतिलिपि बनाएँ या लिखित रिकॉर्ड बना कर रखें।

किसी अन्य डिवाइस से संपर्क करते समय, विस्तृत सुरक्षा निर्देशों के लिए उसकी प्रयोक्ता मार्गदर्शिका पढ़ें। असंगत उत्पाद न जोड़ें।

इस मार्गदर्शिका की आकृतियाँ आपके डिवाइस के प्रदर्शन से भिन्न हो सकती हैं।

अपने डिवाइस के बारे में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रयोक्ता मार्गदर्शिका का संदर्भ देखें।

नेटवर्क सेवाएँ

इस उपकरण का प्रयोग करने के लिए आपके पास वायरलेस सेवा प्रदाता द्वारा इसकी सेवा होनी चाहिए। कुछ सुविधाएँ सभी नेटवर्कों पर उपलब्ध नहीं हैं, अन्य सुविधाओं का उपयोग करने के लिए आपको अपने सेवा प्रदाता के साथ कुछ विशिष्ट व्यवस्था करने की आवश्यकता पड़ सकती है। नेटवर्क सेवाओं में डेटा का संचरण शामिल हो सकता है। अपने सेवा प्रदाता से घरेलू नेटवर्क और अन्य नेटवर्कों में रोमिंग करते हुए शुल्क विवरण की जानकारी पूछ लें। आपका सेवा प्रदाता समझा सकता है कि क्या शुल्क लागू होंगे।

आपके सेवा प्रदाता ने अनुरोध किया होगा कि कुछ सुविधाएँ अक्षम होंगी या आपके उपकरण पर सक्रिय नहीं होंगी। यदि ऐसा है, तो ये सुविधाएँ आपके उपकरण पर प्रकट नहीं होंगी।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

आपके डिवाइस में अनुरूपित आइटम जैसे मेनू नाम, मेनू क्रम, और आइकॉन हो सकते हैं।

समर्थन

यदि आप अपने उत्पाद का प्रयोग करने के बारे में और जानकारी पाना चाहते हैं या आपको अपने उपकरण की कार्यप्रणाली के बारे में कोई निश्चित जानकारी नहीं है, तो प्रयोक्ता मार्गदर्शिका देखें, या www.nokia.com/support पर समर्थन पृष्ठ देखें, या अपनी स्थानीय Nokia वेबसाइट, या मोबाइल उपकरण की सहायता से, www.nokia.mobi/support देखें।

यदि इससे आपकी समस्या नहीं सुलझती, तो नीचे दिए कार्य करें:

- उपकरण पुनः शुरू करें: उपकरण बंद करें, और बैटरी हटाएँ। एक मिनट बाद, बैटरी लगाएँ, और उपकरण चालू करें।
- प्रयोक्ता मार्गदर्शिका में समझाई गई विधिनुसार मूल सेटिंग वापस लाएँ।

यदि आपकी समस्या नहीं सुलझ पाती, तो दुरुस्ती के विकल्पों की जानकारी के लिए Nokia से संपर्क करें। इसे देखें www.nokia.co.in/repair. अपने उपकरण को दुरुस्ती के लिए भेजने से पहले, अपने उपकरण के डेटा का हमेशा बैकअप बना लें।

सहायक उपकरण

Nokia असली सहायक उपकरण

चेतावनी:
मात्र उन्हीं बैटरियों, चार्जरों या सहायक उपकरणों का प्रयोग करें जो उस विशेष मॉडल के साथ प्रयोग करने के लिए नोकिया द्वारा अनुमोदित हों। किसी अन्य प्रकार का प्रयोग करने पर कोई भी अनुमोदन या वारंटी अमान्य हो सकती है और यह ख़तरनाक हो सकता है। विशेष रूप से, ऐसे चार्जर या बैटरियों का प्रयोग जो अनुमोदित न हों, आगजनी, विस्फोट, रिसाव, या अन्य ख़तरों को बढ़ावा देते हैं।

अनुमोदित सहायक उपकरणों की उपलब्धता के लिए अपने डीलर से पूछें।

आपके उपकरण के लिए सहायक उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। अधिक विवरण के लिए इन्हें देखें www.nokia-asia.com/accessories.

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

सहायक उपकरणों के बारे में व्यावहारिक नियम

- सभी सहायक उपकरण छोटे बच्चों की पहुँच के बाहर रखें।
- किसी भी सहायक उपकरण के पॉवर कॉर्ड का संपर्क हटाते समय, प्लग को पकड़ कर खींचें, कॉर्ड को नहीं।
- नियमित रूप से जाँचें कि किसी वाहन में स्थापित सहायक उपकरण सही तरीके से माउंटेड हैं और कार्य कर रहे हैं।
- कार के किसी भी जटिल सहायक उपकरण की स्थापना केवल योग्य कर्मचारी द्वारा ही की जानी चाहिए।

बैटरी

Nokia 1200

बेहतरीन निष्पादन

प्रकार	वार्ता-समय	स्टैंडबाय
BL-5CA	7 घंटों तक	390 घंटों तक

Nokia 1208/1209

बेहतरीन निष्पादन

प्रकार	वार्ता-समय	स्टैंडबाय
BL-5CA	7 घंटों तक	365 घंटों तक

महत्वपूर्ण: बैटरी वार्ता और स्टैंडबाय समय केवल अनुमान हैं और ये केवल अनुकूलतम नेटवर्क स्थितियों में संभव हैं। वास्तविक बैटरी और स्टैंडबाय समय सिम कार्ड, प्रयुक्त सुविधाएँ, बैटरी की आयु और स्थिति, बैटरी के आस-पास के तापमान, नेटवर्क स्थिति और अन्य कई कारकों पर निर्भर करते हैं और उपरोक्त वर्णन से उल्लेखनीय रूप से कम हो सकते हैं। संकेत ध्वनियाँ, हैंड्स फ्री कॉल हैंडलिंग, डिजिटल मोड में प्रयोग और अन्य सुविधाएँ ऐसी बातें हैं, जो बैटरी की खपत करेंगी, और उपकरण जितना समय कॉल करने में लगाता है, वह इसके स्टैंडबाय समय को प्रभावित करती हैं। उसी प्रकार, उपकरण के चालू रहने और स्टैंडबाय मोड में रहने का समय वार्ता समय को प्रभावित करेगा।

बैटरी

बैटरी और चार्जर जानकारी

आपका डिवाइस रीचार्जेबल बैटरी से संचालित है। इस डिवाइस के साथ प्रयोग करने के लिए बनाई गई बैटरी BL-5CA है। Nokia इस डिवाइस के लिए अतिरिक्त बैटरी मॉडल उपलब्ध कर सकता है। इस डिवाइस का प्रयोग तब किया जाए जब पॉवर की आपूर्ति निम्न चार्जरों द्वारा की जाए: AC-3. प्लग के प्रकार के अनुसार सटीक चार्जर का मॉडल नंबर भिन्न-भिन्न हो सकता है। प्लग के प्रकार को निम्नलिखित में से किसी एक के द्वारा पहचाना जाता है: E, EB, X, AR, U, A, C, K, या UB।

बैटरी सैंकड़ों बार चार्ज और डिस्चार्ज की जा सकती है, लेकिन अंत में यह समाप्त हो जाएगी।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

जब बात करने का और स्टैंडबाय समय सामान्य की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कम हो जाए, तो बैटरी बदल दें। केवल Nokia द्वारा स्वीकृत बैटरियों का प्रयोग करें, और अपनी बैटरी को केवल Nokia द्वारा इस डिवाइस के लिए डिज़ाइन किए गए नियत चार्जर से पुनः चार्ज़ करें।

यदि बैटरी का प्रयोग पहली बार किया जा रहा है या यदि बैटरी का लंबी अवधि तक प्रयोग नहीं किया गया है, तो बैटरी चार्ज करना प्रारंभ करने के लिए चार्जर जोड़ना, हटाना और फिर जोड़ना ज़रूरी हो सकता है। यदि बैटरी पूरी तरह से डिस्चार्ज हो, तो प्रदर्शन पर चार्जिंग सूचक प्रकट होने से पहले या कॉल किए जा सकने से पहले कई मिनट लग सकते हैं।

सुरक्षित हटाव। बैटरी निकालने से पहले हमेशा डिवाइस बंद कर दें और चार्जर का संपर्क समाप्त कर दें।

उचित चार्जिंग। जब प्रयोग में न हो, तो इलेक्ट्रिक प्लग और डिवाइस से चार्जर निकाल दें। पूरी तरह से चार्ज हो चुकी बैटरी को चार्जर से जुड़ी न छोड़ें, क्योंकि अति-चार्जिंग से इसका जीवनकाल कम हो सकता है। यदि पूरी तरह चार्ज बैटरी को अप्रयुक्त छोड़ दिया जाता है तो समय बीतने पर इसका चार्ज समाप्त हो जाएगा।

चरम तापमानों से बचें। बैटरी को हमेशा 15°C और 25°C (59°F और 77°F) के बीच के तापमान पर रखने की कोशिश करें। चरम तापमान बैटरी की क्षमता और जीवन-काल को कम कर सकते हैं। गरम या ठंडी बैटरी के साथ डिवाइस अस्थायी तौर पर काम नहीं कर सकता। बैटरी का निष्पादन जमाव से काफ़ी नीचे के तापमान में विशेष रूप से सीमित होता है।

शॉर्ट-सर्किट न करें। जब सिक्के, क्लिप, या पेन जैसी धातु की वस्तु बैटरी के धनात्मक (+) और ऋणात्मक (-) टर्मिनल का सीधा संपर्क पैदा कर दें, तो दुर्घटनावश शॉर्ट-सर्किट हो सकता है। (ये बैटरी पर धातु की पत्तियों जैसे दिखते हैं।) उदाहरण के लिए, यह तब हो सकता है जब आप अपनी जेब या बटुए में कोई अतिरिक्त बैटरी ले जा रहे हों। टर्मिनल शॉर्ट-सर्किट होने से बैटरी या उससे जुड़ी वस्तु को क्षति पहुँच सकती है।

निपटान। बैटरियों का आग में निपटान न करें क्योंकि इससे विस्फोट हो सकता है। बैटरियों का स्थानीय नियमों के अनुसार निपटान करें। कृपया जब संभव हो रीसाइकिल करें। घरेलू कचरे के रूप में निपटान न करें।

रिसाव। सेल या बैटरियों को तोड़ें, काटें, खोलें, कुचलें, मोड़ें, छेदें, या चीरें नहीं। बैटरी रिसाव की घटना होने पर, बैटरी के तरल पदार्थ को त्वचा व आँखों के संपर्क में आने न दें। ऐसा हो जाने पर, प्रभावित क्षेत्र को तुरंत पानी से धोएँ, या चिकित्सा सहायता ढूँढें।

क्षति। बैटरी को संशोधित, पुनः निर्मित न करें, इसमें बाहरी पदार्थ डालने का प्रयास न करें, या पानी या अन्य तरल पदार्थों में न डुबाएँ या उनके

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

संसर्ग में न लाएँ। क्षतिग्रस्त किए जाने पर बैटरियों में विस्फोट हो सकता है।

सही प्रयोग। बैटरी का प्रयोग केवल इसके नियत प्रयोजन के लिए करें। बैटरी के अनुपयुक्त प्रयोग से आग, विस्फोट, या अन्य ख़तरे हो सकते हैं। यदि डिवाइस या बैटरी गिर जाती है, ख़ास तौर से किसी सख़्त सतह पर, और आपको लगता है कि बैटरी को क्षति हुई है, तो इसका प्रयोग जारी रखने से पहले इसे जाँच के लिए सर्विस केंद्र पर ले जाएँ। किसी ऐसे चार्जर या बैटरी का कभी भी प्रयोग न करें जो क्षतिग्रस्त हो। अपनी बैटरी को छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

नोकिया बैटरी प्रमाणीकरण मार्गनिर्देश

अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा असली Nokia बैटरियों का प्रयोग करें। आपको मिलने वाली Nokia बैटरी ओरिजिनल है या नहीं, यह जाँच करने के लिए, इसे Nokia अधिकृत सेवा केंद्र या डीलर से ख़रीदें, होलोग्राम लेबल का निरीक्षण निम्न चरणों के प्रयोग द्वारा करें:

होलोग्राम प्रमाणित करें

1 जब आप लेबल पर होलोग्राम देखते हैं, तो आपको एक कोण से Nokia कनेक्टिंग हाथों वाला चिह्न दिखाई देना चाहिए और दूसरे कोण से Nokia असली अतिरिक्त उपकरणों का लोगो दिखाई देना चाहिए।

2 जब आप होलोग्राम को बाएँ, दाएँ, नीचे और ऊपर घुमाते हैं, तो आपको प्रत्येक ओर क्रमश: 1, 2, 3 और 4 बिंदु दिखाई देने चाहिए।



इन चरणों की सफल पूर्ति बैटरी की प्रामाणिकता का पूर्ण आश्वासन नहीं है। यदि आप बैटरी की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सकते या किसी भी कारण से यह मानते हैं कि होलोग्राम लेबल वाली बैटरी एक प्रामाणिक Nokia बैटरी नहीं है, तो उसका उपयोग न करें, और सहायता के लिए उसे अपने निकटतम Nokia अधिकृत सेवा केंद्र या डीलर के पास ले जाएँ।

असली Nokia बैटरियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें www.nokia.co.in/batterycheck

अपने डिवाइस की देखभाल करना

आपका डिवाइस उत्कृष्ट डिज़ाइन और कर्मकौशल का उत्पाद है और इसे सावधानी से प्रयोग में लाना चाहिए। निम्नलिखित सुझाव आपको अपनी वॉरंटी कवरेज की रक्षा करने में मदद करेंगे।

- डिवाइस को शुष्क रखें। पसीना, आर्द्रता, और सब प्रकार के तरल पदार्थ या नमी में खनिज हो सकते हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक सर्किट पर ज़ंग लगा सकते हैं। यदि आपका डिवाइस गीला हो जाता है, तो बैटरी निकाल दें, और उसे वापस लगाने से पहले डिवाइस को पूरी तरह से सुखा लें।
- डिवाइस का धूल-भरे, गंदे क्षेत्रों में उपयोग न करें और न ही उसे ऐसे स्थानों में रखें। इसके गतिमान पुर्जे और इलेक्ट्रॉनिक घटक क्षतिग्रस्त सकते हैं।
- डिवाइस को उच्च या ठंडे तापमान में न रखें। उच्च तापमान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का जीवनकाल कम कर सकता है, बैटरियों को क्षतिग्रस्त कर सकता है, और कुछ प्लास्टिक को लपेट या पिघला सकता है। जब डिवाइस किसी ठंडे तापमान से अपने सामान्य तापमान पर लौटता है, तो डिवाइस के भीतर नमी बन सकती है और इलेक्ट्रॉनिक सर्किट बोर्डों को क्षतिग्रस्त कर सकती है।
- इस मार्गदर्शिका में दी गई विधि के अलावा किसी भी अन्य तरीक़े से डिवाइस को खोलने का प्रयास न करें।

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

- डिवाइस को गिराएँ, टकराएँ, या हिलाएँ नहीं। ठीक ढंग से देख-भाल न होने से आंतरिक सर्किट बोर्ड और बारीक़ यांत्रिक भाग टूट सकते हैं।
- डिवाइस को साफ़ करने के लिए कठोर रसायनों, सफ़ाई के घोलों, या सख़्त डिटरजेंट का प्रयोग न करें। डिवाइस की सतह को साफ़ करने के लिए केवल नर्म, और सूखे कपड़े का प्रयोग करें।
- डिवाइस को पेंट न करें। पेंट गतिमान पुर्जों को अवरुद्ध करके उचित संचालन में बाधा डाल सकता है।
- केवल आपूर्तित या स्वीकृत प्रतिस्थापन ऐन्टेना का प्रयोग करें। अनधिकृत ऐन्टेना, संशोधन, या अनुलग्नक डिवाइस को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं और रेडियो डिवाइस का नियंत्रण करने वाले नियमों का उल्लंघन कर सकते हैं।
- चार्जरों का भवन के भीतर प्रयोग करें।
- उन सभी डेटा का बैकअप बनाएँ जिन्हें आप रखना चाहते हैं, जैसे कि संपर्क और कैलेंडर टिप्पणियाँ।
- अनुकूलित निष्पादन के लिए उपकरण को समय-समय पर पुनः सेट करने के लिए, डिवाइस का पॉवर बंद कर दें और बैटरी निकाल दें।

ये सुझाव आपके डिवाइस, बैटरी, चार्जर और सभी सहायक उपकरणों पर समान रूप से लागू होते हैं।

रिसाइकिल

आपके द्वारा प्रयोग किए जा चुके इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, बैटरियाँ, तथा पैकेजिंग सामग्री हमेशा समर्पित संग्रहण केन्द्रों पर लौटा दें। इस प्रकार आप कूड़े के अनियंत्रित निपटान को रोकते हैं तथा पदार्थों की रिसाइकिलिंग को प्रोत्साहित करते हैं। www.nokia.com/werecycle, या nokia.mobi/werecycle पर उत्पाद की पर्यावरिक जानकारी लें तथा जानें कि Nokia उत्पादों को रिसाइकिल कैसे करते हैं।

अतिरिक्त सुरक्षा की जानकारी

इस उपकरण की सतह निकल मुक्त होती है।

छोटे बच्चे

आपका डिवाइस और उसके सहायक उपकरण खिलौने नहीं हैं। इनमें छोटे पुर्जे समाहित हो सकते हैं। इन्हें छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

परिचालन वातावरण

यह डिवाइस कान पर आम तौर पर उपयोग की जाने वाली स्थिति में या फिर शरीर से कम से कम 2.2 सेंटीमीटर (7/8 इंच) की दूरी पर RF एक्सपोज़र के मार्गनिर्देशों का पालन करता है। जब शरीर पर धारण कर संचालन के लिए किसी भी प्रकार का कैरी केस, पेटी क्लिप, या होल्डर का प्रयोग किया जाता है, तो इसमें धातु नहीं होनी चाहिए और डिवाइस को शरीर से उपर्युक्त दूरी पर रखा जाना चाहिए।

डेटा फ़ाइलें या संदेश भेजने के लिए नेटवर्क से बहुत अच्छे संपर्क की ज़रूरत होती है। ऐसा

संपर्क उपलब्ध होने तक डेटा फ़ाइलें या संदेश विलंब से प्राप्त हो सकते हैं। संचरण के पूरा होने तक अलग करने वाली दूरी से संबंधित निर्देशों का पालन करें।

डिवाइस के भाग चुंबकीय हैं। धात्विक पदार्थ डिवाइस से आकर्षित हो सकते हैं। क्रेडिट कार्ड या अन्य चुंबकीय संग्रहण मीडिया को डिवाइस के पास न रखें, क्योंकि उन पर संग्रह की गई सूचना मिट सकती है।

मेडिकल डिवाइसेस

वायरलेस फ़ोन सहित रेडियो ट्रांसमिटिंग उपकरण का संचालन, अपर्याप्त रूप से सुरक्षित चिकित्सा उपकरणों की कार्यप्रणाली में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। यह पता लगाने के लिए डॉक्टर या चिकित्सा उपकरण के निर्माता से सलाह लें कि क्या वे बाहरी RF ऊर्जा से पर्याप्त रूप से सुरक्षित हैं। अपना डिवाइस तब बंद कर दें जब पोस्ट किए गए नियम आपको ऐसा करने का निर्देश दें। अस्पताल या स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ बाहरी RF ऊर्जा के प्रति संवेदनशील उपकरणों का प्रयोग कर सकती हैं।

आरोपित मेडिकल उपकरण

चिकित्सा उपकरणों के निर्माता सुझाव देते हैं कि किसी वायरलेस डिवाइस और आरोपित चिकित्सा उपकरण, जैसे पेसमेकर या आरोपित कार्डियोवर्टर डिफ़ाइब्रिलेटर के बीच कम से कम 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) की दूरी होनी चाहिए, ताकि चिकित्सा उपकरणों में उत्पन्न होने वाले संभावित व्यवधान से बचा जा सके। जिन लोगों के पास ऐसे डिवाइस हैं उन्हें:

- हमेशा वायरलेस डिवाइस को चिकित्सा उपकरण से 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) से अधिक दूरी पर रखना चाहिए।
- वायरलेस डिवाइस को अपनी कमीज़ की ज़ेब में नहीं रखना चाहिए.
- वायरलेस डिवाइस को हमेशा उस तरफ़ के कान के पास रखें जिधर चिकित्सा उपकरण न हो।
- व्यवधान का संदेह होने के किसी भी कारण पर वायरलेस डिवाइस को बंद कर देना चाहिए।
- आरोपित चिकित्सा उपकरण के लिए निर्माता के निर्देशों का पालन करें।

यदि अपना बेतार उपकरण आरोपित चिकित्सा उपकरण के साथ प्रयोग करने के बारे में आपके कुछ प्रश्न हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से सलाह लें।

श्रवण यंत्र

कुछ डिजिटल वायरलेस डिवाइस कुछ श्रवण सहायता को व्यवधान पहुँचा सकते हैं।

वाहन

RF सिग्नल मोटर वाहनों में ऐसे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टमों को प्रभावित कर सकते हैं जो ठीक से स्थापित न हों या पर्याप्त रूप से ढँके हुए न हों जैसे इलेक्ट्रॉनिक फ़्यूल इंजेक्शन, इलेक्ट्रॉनिक

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

एंटीलॉक ब्रेकिंग, इलेक्ट्रॉनिक स्पीड कंट्रोल या एयर बैग सिस्टम। अधिक जानकारी के लिए, अपने वाहन या उसमें जोड़े गए उपकरण के निर्माता से पूछें।

किसी वाहन में डिवाइस की सर्विस या उसकी स्थापना केवल योग्यता-प्राप्त व्यक्ति द्वारा ही की जानी चाहिए। दोषपूर्ण स्थापना या सर्विस ख़तरनाक हो सकती है और आपकी वॉरंटी को अमान्य कर सकती है। नियमित रूप से जाँच करें कि आपके वाहन में सभी वायरलेस उपकरण आरोहित हैं और ठीक तरह से काम कर रहे हैं। जिस हिस्से में डिवाइस, या उसके भाग, या सहायक उपकरण रखे हों, वहाँ ज्वलनशील तरल, गैस या विस्फोटक सामग्री न रखें। ध्यान रखें कि एयर बैग भारी ताक़त से फूलते हैं। अपना डिवाइस या सहायक उपकरण उस क्षेत्र में न रखें जहाँ एयर बैग स्थापित हो।

वायुयान में चढ़ने से पहले अपना डिवाइस बंद कर दें। किसी वायुयान में वायरलेस दूरसंचार डिवाइस का प्रयोग करना वायुयान के संचालन के लिए ख़तरनाक हो सकता है, और ग़ैरक़ानूनी हो सकता है।

संभावित रूप से विस्फोटक परिवेश

संभावित रूप से विस्फोटक परिवेश वाले किसी भी क्षेत्र में अपना डिवाइस बंद कर दें। पोस्ट किए गए सभी निर्देशों का पालन करें। ऐसे क्षेत्रों में चिंगारियाँ विस्फोट कर सकती हैं या आग लगा सकती हैं जिसके परिणामस्वरूप शारीरिक चोट या मृत्यु तक हो सकती है। गैस या पेट्रोल पंप जैसे ईंधन भरने के स्थानों पर डिवाइस बंद कर दें। ईंधन के डिपो, संग्रहण स्थान, और वितरण क्षेत्रों, रासायनिक प्लांट; या फिर उन स्थानों में प्रतिबंधों पर ध्यान दें जहाँ ब्लास्टिंग क्रियाएँ प्रगति पर हों। संभावित रूप से विस्फोटक परिवेश अक्सर, किंतु हमेशा नहीं, स्पष्ट रूप से चिह्नित होते हैं। इनमें ऐसे क्षेत्र शामिल होतें हैं जहाँ आपको अपने वाहन का इंजन बंद करने की सलाह दी जाएगी, जहाज के डेक के नीचे, रासायनिक स्थानांतरण या संग्रहण केन्द्र या फिर उन स्थानों में जहाँ हवा में रासायनिक पदार्थ या कण जैसे कि अनाज, धूल, धातु चूर्ण मौजूद हों। आपको द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (जैसे कि प्रोपेन या ब्यूटेन) का उपयोग करने वाले वाहनों के निर्माताओं से यह पता लगाने के लिए संपर्क करना चाहिए कि क्या डिवाइस का उपयोग उनके आसपास किया जा सकता है।

आपातकालीन कॉल्स

महत्वपूर्णः यह डिवाइस रेडियो सिग्नलों, वायरलेस नेटवर्कों, लैंडलाइन नेटवर्कों और उपयोगकर्ता-प्रोग्रामित प्रकार्यों की सहायता से काम करता है। यदि आपका डिवाइस इंटरनेट पर ध्वनि कॉल (इंटरनेट कॉल) का समर्थन करता है, तो इंटरनेट कॉल और सेल्यूलर फ़ोन दोनों को सक्रिय कर दें। यदि दोनों सक्रिय हैं, तो डिवाइस सेल्यूलर नेटवर्कों और आपके इंटरनेट कॉल प्रदाता दोनों के ज़रिए आपातकालीन कॉल का प्रयास कर सकता है। सभी परिस्थितियों में संपर्क की गारंटी नहीं दी जा सकती। चिकित्सा आपातस्थिति जैसे अनिवार्य संचार के लिए

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

आपको कभी भी किसी एकमात्र वायरलेस डिवाइस पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

आपातकालीन कॉल्स करने के लिए:

1 यदि डिवाइस चालू न हो, तो उसे चालू करें। पर्याप्त सिग्नल शक्ति की जाँच करें। आपके डिवाइस पर निर्भर करते हुए आपको निम्नलिखित को भी पूरा करना पड़ सकता है:

- यदि आपका डिवाइस सिम कार्ड का उपयोग करता है तो सिम कार्ड डालें।
- कुछ उन कॉल प्रतिबंधों को निकाल दें जो आपने अपने डिवाइस में सक्रिय किए हैं।
- अपने प्रोफ़ाइल को ऑफ़लाइन या फ़्लाइट प्रोफ़ाइल से सक्रिय प्रोफ़ाइल में बदल लें।

2 प्रदर्शन को साफ़ करने और डिवाइस को कॉल के लिए तैयार करने हेतु समाप्त कुंजी को उतनी बार दबाएँ जितनी बार ज़रूरी है।

3 अपने वर्तमान स्थान के लिए आधिकारिक आपातकालीन नंबर दर्ज करें। आपातकालीन नंबर स्थान के अनुसार भिन्न-भिन्न होते हैं।

4 कॉल कुंजी दबाएँ.

आपातकालीन कॉल करते समय, सभी ज़रूरी सूचना यथासंभव परिशुद्धता से दें। दुर्घटनास्थल पर आपका वायरलेस डिवाइस संचार का एकमात्र माध्यम हो सकता है। जब तक कॉल समाप्त करने की अनुमति न दी जाए, कॉल समाप्त न करें।

प्रमाणीकरण की जानकारी (SAR)
यह मोबाइल उपकरण रेडियो तरंगों से संपर्क के दिशानिर्देशों का पालन करता है।

आपका मोबाइल उपकरण रेडियो ट्रांसमीटर और रिसीवर है। यह अंतर्राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों द्वारा अनुमोदित रेडियो तरंगों से संपर्क की सीमाओं को पार न करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह दिशानिर्देश एक स्वतंत्र वैज्ञानिक संगठन ICNIRP द्वारा विकसित किए गए हैं और इनमें ऐसे सुरक्षा क्षेत्र शामिल हैं जिन्हें प्रत्येक उम्र और सेहत वाले सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

मोबाइल डिवाइसेस के संपर्क मार्गनिर्देश मापन की एक इकाई का उपयोग करते हैं जिसे विशिष्ट अवशोषण दर या SAR के नाम से जाना जाता है। ICNIRP दिशानिर्देशों में वर्णित SAR सीमा 2.0 वॉट/किलोग्राम (W/kg) है जो 10 ग्राम टिशू के औसत के आधार पर निर्धारित की गई है। SAR के लिए परीक्षण मानक परिचालन स्थितियों में किए जाते हैं जहाँ उपकरण सभी परीक्षित फ़्रीक्वेंसी बैंड्स में उसके उच्चतम प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर संप्रेषण करता है। किसी परिचालित उपकरण का वास्तविक SAR स्तर अधिकतम

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

मान से कम हो सकता है क्योंकि उपकरण केवल नेटवर्क तक पहुँचने के लिए आवश्यक पॉवर का उपयोग करने के लिए बनाया गया है। यह मात्रा अनेक पहलुओं के अनुसार बदल जाती है जैसे कि आप नेटवर्क आधार स्टेशन से कितने नज़दीक हैं।

ICNIRP दिशानिर्देशों के अंतर्गत कान पर प्रयोग किए जाने वाले उपकरण के लिए उच्चतम SAR मान है 1.07 W/किग्रा (RH-99) या 1.01 W/किग्रा (RH-105)।

सहायक उपकरणों का प्रयोग करने के कारण भिन्न SAR मान प्राप्त हो सकते हैं। SAR मान राष्ट्रीय रिपोर्टिंग और परीक्षण आवश्यकताओं और नेटवर्क बैंड पर निर्भर करते हुए अलग अलग हो सकते हैं। अतिरिक्त SAR जानकारी www.nokia.comपर उत्पाद जानकारी के अंतर्गत प्रदान की जा सकती है।

निर्माता की लिमिटेड वॉरंटी

यह सीमित वॉरंटी उपभोक्ता उत्पादों के विक्रय से संबंधित आपके लागू राष्ट्रीय क़ानूनों के अंतर्गत आपके क़ानूनी (वैधानिक) अधिकारों के अतिरिक्त है, और उन्हें प्रभावित नहीं करती।

Nokia कॉर्पोरेशन ("Nokia") यह सीमित वॉरंटी उस व्यक्ति को प्रदान करता है जिसने इस विक्रय पैकेज में शामिल Nokia उत्पाद ("उत्पाद") ख़रीदा (ख़रीदे) हैं।

आपको वॉरंटी देता है कि वॉरंटी की अवधि के दौरान Nokia या कोई Nokia अधिकृत सेवा कंपनी वाणिज्यिक दृष्टि से मुनासिब समय में सामग्री, डिज़ाइन और निर्माण में दोषों की मरम्मत करके या, यदि Nokia अपने पूर्ण विवेकाधिकार में यह ज़रूरी मानता है, तो उत्पाद को सीमित वॉरंटी के अनुसार बदलकर (या फिर जब तक क़ानूनी रूप से आवश्यक न हो) निःशुल्क त्रुटि-सुधार करेगी। यह सीमित वॉरंटी केवल उस देश में मान्य और लागू होने योग्य है जहाँ आपने उत्पाद ख़रीदा है बशर्ते वह उस देश में विक्रय के उद्देश्य से बनाया गया हो।

वॉरंटी अवधि

वॉरंटी की अवधि पहले अंतिम-उपयोगकर्ता द्वारा उत्पाद की मूल ख़रीद के समय से प्रारंभ हो जाती है। उत्पाद में अनेक भिन्न-भिन्न हिस्से-पुर्जे हो सकते हैं और भिन्न-भिन्न हिस्से-पुर्जे भिन्न-भिन्न वॉरंटी की अवधि से कवर हो सकते हैं (इसके बाद "वॉरंटी की अवधि")। भिन्न-भिन्न वॉरंटी की अवधियाँ हैं:

क) मोबाइल उपकरण और नीचे (ख) और (ग) में सूचीबद्ध उपभोग्य भागों और सहायक उपकरणों के अलावा, सहायक उपकरण (चाहे मोबाइल उपकरण के विक्रय पैकेज में शामिल हों या अलग से विक्रय किए जाएँ) के लिए बारह (12) महीने;

ख) निम्नलिखित उपभोग्य भागों और सहायक उपकरणों के लिए छह (6) महीने: बैटरियाँ, चार्जर, डेस्क स्टैंड, हेडसेट, केबल और कवर; और

ग) उस मीडिया के लिए नब्बे (90) दिन जिस पर कोई सॉफ़्टवेयर प्रदान किया गया है, उदाहरण के लिए, CD-ROM या स्मृति कार्ड

जहाँ तक आपका राष्ट्रीय क़ानून अनुमति देता है, वहाँ तक वॉरंटी की अवधि बढ़ाई या नवीनीकृत नहीं की जाएगी या बाद में उत्पाद के पुनः विक्रय, की मरम्मत या बदले जाने के कारण अन्यथा प्रभावित नहीं होगी। तथापि, मरम्मत किए गए हिस्से-पुर्जों पर मरम्मत की तिथि से वॉरंटी की मूल अवधि के शेष समय या साठ (60) दिन के लिए वॉरंटी दी जाएगी, जो भी अधिक हो।

वॉरंटी सेवा कैसे प्राप्त करें

यदि आप सीमित वॉरंटी के अंतर्गत दावा करना चाहते हैं, तो आप Nokia कॉल सेंटर में/पर कॉल कर सकते हैं (जहाँ यह उपलब्ध है और कृपया ध्यान दें कि कॉलों पर राष्ट्रीय दरें लागू होंगी) और/या जहाँ ज़रूरी हो, अपना उत्पाद या प्रभावित भाग (यदि यह समूचा उत्पाद नहीं है) Nokia केयर सेंटर या Nokia निर्दिष्ट सेवा स्थल को लौटा दें। Nokia केयर सेंटर, Nokia निर्दिष्ट सेवा स्थल और Nokia कॉल सेंटर के बारे में सूचना Nokia वेब पेजों पर मिल सकती है, जहाँ ये उपलब्ध हों।

आपको अपना उत्पाद या प्रभावित भाग (यदि यह समूचा उत्पाद नहीं है) Nokia केयर सेंटर या Nokia निर्दिष्ट सेवा स्थल को वॉरंटी की अवधि की समाप्त होने से पहले लौटा देना चाहिए।

सीमित वॉरंटी दावा करते समय आपको यह प्रस्तुत करना होगा: क) उत्पाद (या इसका प्रभावित भाग), ख) ख़रीद का पठनीय और असंशोधित मूल प्रमाण, जो साफ़ तौर से विक्रेता का नाम और पता, ख़रीद की तिथि और स्थान, उत्पाद का प्रकार और IMEI या अन्य क्रम संख्या।

यह सीमित वॉरंटी केवल उत्पाद के पहले मूल अंतिम-उपयोगकर्ता को पेश की जाती है और किसी आगामी ख़रीदार/ अंतिम-उपयोगकर्ता को निर्दिष्ट करने योग्य या प्रतिहस्तांरणीय नहीं है।

वारंटी में क्या शामिल नहीं हैं?

1. यह सीमित वॉरंटी उपयोगकर्ता पुस्तिकाओं या किसी तीसरे पक्ष के सॉफ़्टवेयर, सेटिंग, सामग्री, डेटा या लिंक को कवर नहीं करती, चाहे उत्पाद में शामिल/डाउनलोड की गई हो, चाहे स्थापना, संकलन, शिपिंग के दौरान या वितरण शृंखला में किसी अन्य समय शामिल की गई हो या आपके द्वारा अन्यथा और किसी भी तरीके से प्राप्त की गई हो। लागू क़ानून (क़ानूनों) की अनुमति की सीमा तक, Nokia यह विश्वास नहीं दिलाता कि कोई Nokia सॉफ़्टवेयर आपकी अपेक्षाओं को पूरा करेगा, किसी तृतीय पक्ष द्वारा उपलब्ध कराए गए किसी हार्डवेयर या सॉफ़्टवेयर अनुप्रयोग के संयोग के साथ काम करेगा, कि सॉफ़्टवेयर का संचालन अबाधित या त्रुटि-मुक्त होगा या कि सॉफ़्टवेयर में कोई दोष सुधार-योग्य होगा या उसका सुधार किया जाएगा।

2. यह सीमित वॉरंटी निम्नलिखित को कवर नहीं करती क) सामान्य टूट-फूट (जिसमें, परिसीमन

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

रहित, कैमरा लेंसों, बैटरियों या प्रदर्शन की टूट-फूट शामिल है), ख) परिवहन की लागत, ग) ग़लत प्रयोग करने से होने वाले दोष (जिसमें, परिसीमन रहित, पैनी चीज़ों से, मोड़ने से, संपीड़ित करने से या गिराने, आदि से होने वाले दोष शामिल है), घ) उत्पाद के दुरुपयोग से होने वाले दोष या नुक़सान, जिसमें वे प्रयोग शामिल हैं जो Nokia द्वारा प्रदान किए गए निर्देशों के विरुद्ध हों (जैसा कि उत्पाद की प्रयोक्ता मार्गदर्शिका में वर्णित हैं के अनुसार) और/या च) Nokia के मुनासिब नियंत्रण से बाहर के अन्य कार्य।

3. यह सीमित वॉरंटी ऐसे दोषों या तथाकथित दोषों को कवर नहीं करती जो इस तथ्य से हुए हों कि उत्पाद का प्रयोग ऐसे उत्पाद, सहायक उपकरण, सॉफ़्टवेयर और/या सेवा के साथ, या कनेक्ट करके किया गया जो Nokia द्वारा निर्मित, आपूर्तित या अधिकृत न की गई हो या इसका उद्देशित प्रयोग से भिन्न प्रयोग किया गया हो। दोष सेवाओं, अन्य खातों, कंप्यूटर सिस्टम या नेटवर्क तक आपकी या तीसरे पक्ष की अनधिकृत पहुँच से वायरस द्वारा भी हो सकते हैं। यह अनधिकृत पहुँच हैकिंग, पासवर्ड-माइनिंग या अन्य विभिन्न माध्यमों के द्वारा हो सकती है।

4. यह सीमित वॉरंटी ऐसे दोषों को कवर नहीं करती जो इस तथ्य से हुए हों कि बैटरी शॉर्ट-सर्किट हो गई या इस तथ्य से कि बैटरी अनुलग्नक या सेल की सील टूटी हुई हैं या छेड़छाड़ का सबूत दिखाती हैं या इस तथ्य से कि बैटरी का प्रयोग निर्दिष्ट से भिन्न उपकरण के साथ किया गया है।

5. यह सीमित वॉरंटी लागू नहीं होगी यदि उत्पाद को अधिकृत सेवा केंद्र से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा खोला, संशोधित या मरम्मत किया गया हो, यदि अनधिकृत हिस्सों-पुर्ज़ों का प्रयोग करके इसकी मरम्मत की गई हो या यदि उत्पाद की क्रम संख्या, मोबाइल सहायक उपकरण तिथि कोड या IMEI नंबर निकाला, मिटाया, खराब किया, या बदला गया हो या किसी भी तरह से अपठनीय हो और इस बात का निर्णय अपने एकमात्र विवेकाधिकार से Nokia करेगा।

6. यह सीमित वॉरंटी लागू नहीं होगी यदि उत्पाद को नमी, गीलेपन या अति उष्ण परिवेशों या पर्यावरिक परिस्थितियों में लाया जाए या इन स्थितियों में तीव्र बदलाव हो, जंग में, या उपचयन में लाया जाए, भोजन या तरल बिखर जाए या रासायनिक उत्पादों का प्रभाव हो जाए।

अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएँ

तीसरे पक्ष का, स्वतंत्र संचालक सिम कार्ड और सेलुलर और/या अन्य नेटवर्क या प्रणाली प्रदान करता है जिस पर उत्पाद संचालन करता है। इसलिए, Nokia इस वारंटी के अंतर्गत सेलुलर या अन्य नेटवर्क या प्रणाली के संचालन, उपलब्धता, कवरेज, सेवाओं या रेंज ज़िम्मेदारी नहीं स्वीकार करेगा।उत्पाद की मरम्मत या बदले जाने के दौरान सामग्री या डेटा की हानि, नुक़सान, या दूषण के परिणाम-स्वरूप होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति या नुक़सान के लिए

उत्तरदायी नहीं होगा। तदनुसार, Nokia वारंटी मरम्मत में किसी देरी या वारंटी की मरम्मत पूरा करने में Nokia की अक्षमता के लिए ज़िम्मेदारी स्वीकार नहीं करता जो संचालक द्वारा देरी या किसी सिम-लॉक या अन्य लॉक को अनलॉक करने में असफलता के कारण हुई हो।

कृपया अपने उत्पाद में संचित सारी महत्वपूर्ण सामग्री और डेटा की बैकअप प्रतिलिपि या लिखित रिकॉर्ड बनाना अवश्य रखें, क्योंकि उत्पाद की मरम्मत या बदले जाने के दौरान सामग्री और डेटा खो सकता है। Nokia, नीचे "Nokia की उत्तरदायित्व की सीमा" शीर्षक भाग के प्रावधानों के साथ समरूप तरीके से, लागू कानून (क़ानूनों) द्वारा अनुमति की सीमा तक, किसी भी स्थिति में, प्रकट या ध्वनित रूप से, उत्पाद की मरम्मत या बदले जाने के दौरान सामग्री या डेटा की हानि, नुक़सान, या दूषण के परिणाम-स्वरूप होने वाले किसी भी प्रकार की चाहे वह कुछ भी हो, किसी भी क्षति या नुक़सान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

Nokia जिस उत्पाद या अन्य उपकरण को बदलेगा, उसके सभी भाग Nokia की संपत्ति हो जाएँगे। यदि लौटाया गया उत्पाद सीमित वॉरंटी के नियम और शर्तों द्वारा कवर किया गया नहीं पाया गया, तो Nokia और इसकी अधिकृत सेवा कंपनियाँ संभाल के लिए शुल्क लेने का अधिकार सुरक्षित रखती हैं। उत्पाद की मरम्मत या बदलने के समय, Nokia ऐसे उत्पादों या हिस्से-पुर्ज़ों का प्रयोग कर सकता है, जो नए, नए के समकक्ष या पुनः सुधारे गए हों।

आपके उत्पाद में सॉफ़्टवेयर सहित, देश विशिष्ट तत्व हो सकते हैं। यदि उत्पाद इसके मूल गंतव्य देश से अन्य देश को पुनर्निर्यात किया गया है, तो उत्पाद में देश विशिष्ट तत्व हो सकते हैं जो इस सीमित वॉरंटी के अंतर्गत ख़राब नहीं माने जा सकते।

Nokia के दायित्वों की सीमाएँ

यह सीमित वॉरंटी Nokia के विरुद्ध आपका एकमात्र और अनन्य उपाय और आपके उत्पाद में दोष के मामले में Nokia का एकमात्र और अनन्य उत्तरदायित्व है। तथापि, यह सीमित वॉरंटी i) लागू राष्ट्रीय क़ानूनों के अंतर्गत आपके किसी क़ानूनी (वैधानिक) अधिकार या ii) उत्पाद के विक्रेता के विरुद्ध आपके किसी अधिकार को न तो बहिष्कृत करती है न सीमित करती है।

यह सीमित वॉरंटी Nokia की अन्य सभी वारंटी और देनदारियों का स्थान लेती है, चाहे मौखिक, लिखित, (गैर-अनिवार्य) वैधानिक, अनुबंधपरक, अपकार में या अन्यथा, जिसमें परिसीमन रहित शामिल है, और जहाँ लागू कानून द्वारा अनुमति हो, कोई भी ध्वनित स्थितियाँ, वारंटी या अन्य शर्तें उद्देश्य के लिए संतोषजनक गुणवत्ता या उपयुक्तता के अनुसार। लागू कानून (क़ानूनों) द्वारा अनुमति की सीमा तक Nokia डेटा विकृति हानि या नुक़सान के लिए, किसी मुनाफे में कमी के लिए, उत्पादों या कार्य-क्षमता के प्रयोग में हानि, व्यापार में हानि, अनुबंध की हानि, आय में कमी या अनुमानित बचत में हानि, बढ़ी लागत या ख़र्च या किसी परोक्ष हानि या क्षति, परिणामी हानि या क्षति या विशेष हानि या

 © 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

क्षति के लिए कोई उत्तरदायित्व नहीं लेता। लागू कानून द्वारा अनुमति की सीमा तक, Nokia का उत्तरदायित्व उत्पाद के ख़रीद मूल्य तक सीमित होग। ऊपर्युक्त सीमाएँ Nokia की प्रमाणित लापरवाही लापरवाही के परिणाम-स्वरूप होने वाली मृत्यु या निजी चोट पर लागू नहीं होंगी।

वैधानिक दायित्व

यह सीमित वॉरंटी उन किन्हीं भी प्रावधानों के अधीन मानी जानी चाहिए जो इस सीमित वॉरंटी में ऐसी वॉरंटी या शर्तों का अर्थ सूचित करते हैं जिन्हें बहिष्कृत, प्रतिबंधित, या संशोधित नहीं किया जा सकता, या जिन्हें एक सीमित सीमा तक ही बहिष्कृत, प्रतिबंधित, या संशोधित किया जा सकता है। यदि 'ऐसे वैधानिक प्रावधानों के लागू होने पर, इन प्रावधानों पर Nokia का कर्तव्य और उसका दायित्व सीमित, और उत्पादों के मामले में उसके स्वयं के विकल्प पर होगा, जिसके अंतर्गत वह: उत्पाद बदल कर देगा, उत्पाद के समकक्ष उत्पाद की आपूर्ति करेगा, उत्पाद बदलने या समकक्ष उत्पाद प्राप्त करने में लगे ख़र्च का वहन करेगा, या उत्पाद के मरम्मत में आए ख़र्च का भुगतान करेगा; तथा सेवा के मामले में: सेवा की पुनः आपूर्ति करके, या सेवा की आपूर्ति में हुए ख़र्च का भुगतान कर अपने दायित्वों से मुक्त हो जाएगा।

नोटः आपका उत्पाद परिष्कृत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। Nokia आपको बलपूर्वक प्रोत्साहित करता है कि आप स्वयं को प्रयोक्ता गाइड और वहाँ दिए गए और उत्पाद के निर्देशों और से परिचित कर लें। कृपया इस पर भी ध्यान दें कि उत्पाद में उच्च सटीक प्रदर्शन, कैमरा लेंस और अन्य ऐसे भाग शामिल हो सकते हैं, जिन्हें यदि बहुत सावधानीपूर्वक नहीं सँभाला गया, तो उन पर खरोंच आ सकती है या वे अन्यथा क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।

सभी वॉरंटी सूचना, उत्पाद की सुविधाएँ, और विवरण बिना किसी सूचना के परिवर्तनाधीन हैं।

Nokia Corporation

Keilalahdentie 2-4

FIN-02150 Espoo

Finland

अनुरूपता की घोषणा

CE0434

एतद्वारा, NOKIA CORPORATION घोषणा करता है कि यह RH-99/RH-105 उत्पाद, डायरेक्टिव 1999/5/EC की आवश्यक शर्तों तथा अन्य संबंधित प्रावधानों का अनुपालन करता है। अनुरूपता की घोषणा की एक प्रति http://www.nokia.com/phones/declaration_of_conformity/ पर प्राप्त की जा सकती है।

© 2009 Nokia. सर्वाधिकार सुरक्षित

Nokia, Nokia Connecting People, और Navi Nokia Corporation के ट्रेडमार्क या पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं। Nokia tune Nokia CORPORATION का एक ध्वनि चिह्न है। यहाँ लिखे गए अन्य उत्पादों या कंपनियों के नाम अपने संबंधित स्वामियों के ट्रेडमार्क या ट्रेडनाम हो सकते हैं।

Nokia की पूर्व लिखित अनुमति के बिना इस दस्तावेज़ की संपूर्ण सामग्री या इसके किसी अंश का किसी भी स्वरूप में पुनरुत्पादन, हस्तांतरण, वितरण या भंडारण प्रतिबंधित है। Nokia निरंतर विकास की नीति पर काम करता है। Nokia बिना किसी पूर्व सूचना के इस दस्तावेज़ में वर्णित किसी भी उत्पाद में परिवर्तन और सुधार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

लागू क़ानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, किसी भी परिस्थिति में NOKIA या उसके कोई भी लाइसेंसकर्ता, डेटा या आमदनी में अथवा किसी भी विशेष, आकस्मिक, परिणामी या अप्रत्यक्ष रूप से होने वाली क्षति, चाहे वह किसी भी तरह से हुई हो, के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

इस दस्तावेज़ की सामग्रियाँ "यथारूप" आधार पर उपलब्ध कराई गई हैं। लागू क़ानून की आवश्यकताओं के अलावा, इस दस्तावेज़ की सटीकता, विश्वसनीयता या सामग्री के संबंध में किसी भी प्रकार की व्यक्त या निहित वॉरंटियाँ, जिसमें किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति हेतु वाणिज्यिकता तथा अनुकूलता की निहित वॉरंटियाँ शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है, नहीं दी जाती हैं। NOKIA बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय इस दस्तावेज़ को संशोधित करने या वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
किन्हीं विशेष उत्पादों और अनुप्रयोगों तथा इन उत्पादों हेतु सेवाओं की उपलब्धता क्षेत्र के अनुसार भिन्न हो सकती है। विवरण के लिए और भाषा विकल्पों की उपलब्धता के लिए कृपया अपने Nokia विक्रेता से मिलें। इस डिवाइस में ऐसी वस्तुएँ, तकनीक या सॉफ़्टवेयर समाहित हो सकते हैं, जो यू.एस. या अन्य देशों के निर्यात क़ानूनों और नियमों के अधीन हों। क़ानून के विरुद्ध पथांतरण प्रतिबंधित है।

अंग्रेज़ी भाषा के संस्करण और भारतीय भाषा में अनुवाद के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति

पाई जाने की स्थिति में हमेशा अंग्रेज़ी भाषा के संस्करण को भारतीय भाषा के अनुवाद पर वरीयता दी जाएगी।